उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।
संख्या- 93 /329/चार/आयोग/2021
लखनऊः दिनांक- 28 मार्च, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2024 कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/12 के अन्तर्गत पंचायती राज लेखा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के सीधी भर्ती के रिक्त 05 पदों पर चयन हेतु दिनांक- 23.12.2024 से 22.01.2025 तक भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उक्त विज्ञापन के माध्यम से पंचायती राज लेखा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल 05 पदों में लम्बवत आरक्षित पदों का विवरण (अनारक्षित- 03 पद, अनुसूचित जाति- 02 पद, अनुसूचित जनजाति- 00 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग- 00 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों हेतु- 00 पद) तथा क्षैतिज आरक्षित पदों का विवरण (स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित हेतु 00 पद, दिव्यांगजन हेतु 00 पद, महिला हेतु 01 पद, सैन्य वियोजित/ भूतपूर्व सैनिक हेतु 00 पद तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु 00 पद) प्रकाशित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत विज्ञापन के प्रस्तर-4 में उल्लेख है कि विज्ञापित रिक्तियों की कुल संख्या व श्रेणीवार संख्या घट/बढ़ सकती है। निदेशक, पंचायती राज लेखा, उ०प्र०,के पत्र संख्या- नि०पं०रा०ले०/प्र०सहा०/1625/2070, दिनांक- 20.03.2026 द्वारा मृतक आश्रित की नियुक्ति के समायोजन के दृष्टिगत उक्त विज्ञापित 05 पदों के सापेक्ष 04 पदों का लम्बवत् एवं क्षैतिज आरक्षित पदों का विवरण उपलब्ध कराया गया है। उक्त के क्रम में मा0 आयोग द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत पंचायती राज लेखा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के रिक्त पदों का संशोधित विवरण निम्नवत् प्रकाशित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया है -

अवशेष रिक्त 04 पदों का लम्बवत आरक्षणवार विवरण						
श्रेणी	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (E.W.S)	कुल पद
पदों की संख्या	03	01	00	00	00	04

अवशेष रिक्त 04 पदों के सापेक्ष क्षैतिज आरक्षणवार विवरण					
श्रेणी	स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित	दिव्यांगजन	महिला	सैन्य वियोजित/ भूतपूर्व सैनिक	उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु
पदों की संख्या	शून्य				

उपर्युक्त के दृष्टिगत प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2024 कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/12 के अन्तर्गत पंचायती राज लेखा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विवरण को उपर्युक्तानुसार संशोधित समझा जाय।

28/03/2026

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।